**नाम ..............................          अनुक्रमांक ..............................**

# वार्षिक परीक्षा–2025
# जीव विज्ञान
# कक्षा-11

**A**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश–**

**(i)** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(ii)** आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।

**(iii)** सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए–**

**(क) वर्ग क्लोरोफाइसी का मुख्य संचित पदार्थ है–** **1**

**(a)** वसा **(b)** मण्ड **(c)** ग्लाइकोजन **(d)** वाल्यूटिन

**(ख) मास्ट कोशिकाएं पायी जाती हैं–** **1**

**(a)** पेशियों में **(b)** तंत्रिका तन्तु में **(c)**] संयोजन ऊतक में **(d)** एपिथीलियम ऊतक में

**(ग) $C_4$ चक्र कहलाता है–** **1**

**(a)** EMP पथ **(b)** TAC चक्र **(c)**] हैच तथा स्लैंक पथ **(d)** पेन्टोज फास्फेट पथ

**(घ) एक स्वस्थ मनुष्य एक मिनट में श्वास लेता है–** **1**

UPBoardHub

(**a**) 10-15 बार (**b**) 20-25 बार
(**c**)] 14-18 बार (**d**) 25-30 बार

**2.** (क) लाल शैवालों में खाद्य पदार्थ किस रूप में संचित होता है ? **1**

(ख) उस पादप का नाम लिखिए जिसमें श्वसन मूल पायी जाती हैं ? **1**

(ग) ग्लाइकोसिटिक बन्ध कहाँ पाए जाते हैं ? **1**

(घ) जिबरेलिन सर्वप्रथम किस कवक से प्राप्त हुआ ? **1**

(ङ) मूत्र का पीला रंग किसके कारण होता है ? **1**

**3.** (क) उस पौधे का वानस्पतिक नाम तथा कुल लिखिए जिसमें लाल मिर्च पायी जाती है। **2**

(ख) प्रोकेरियोटिक कोशिका के दो उदाहरण लिखिए। **2**

(ग) रेड ड्रॉप किसे कहते हैं ? **2**

(घ) अनिषेक फलन किसे कहते हैं ? **2**

(ङ) किन्हीं दो वृक्क उपस्करों के नाम लिखिए। **2**

**4.** (क) ऑर्किड की मूलों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। **3**

(ख) कंकाल तंत्र के विभिन्न कार्यों का उल्लेख कीजिए। **3**

(ग) विषम बीजाणुक तथा सम बीजाणुक टेरिडोफाइट्स में चार अन्तर लिखिए। **3**

(घ) हीमोडाइलेसिस पर टिप्पणी लिखिए। **3**

**5.** (क) रुधिर तथा लसीका में अन्तर लिखिए। **3**

(ख) किन लक्षणों के आधार पर व्हेल तथा एकिडना को स्तनी वर्ग में रखा जाता है ? **3**

(ग) श्वसन तथा श्वासोच्छ्वास में अन्तर लिखिए। **3**

UPBoardHub

(घ) सोलेनेसी तथा लिलिएसी में पुमंग में अन्तर लिखिए। 3

6. (क) पादप हॉर्मोन्स का महत्व बताइए। 3

(ख) पेशियाँ कितने प्रकार की होती हैं ? प्रत्येक के उदाहरण दीजिए। 3

(ग) ऑक्सीकरणीय फॉस्फेटीकरण तथा प्रकाश फॉस्फेटीकरण में अन्तर लिखिए। 3

(घ) न्यूक्लियोसोम पर टिप्पणी लिखिए। 3

7. निम्न पर टिप्पणी लिखिए– 5

(क) राइबोसोम (ख)] लाइसोसोम

अथवा

थायराइड ग्रंथि से उत्पन्न विभिन्न हॉर्मोन्स का वर्णन कीजिए। थायराइड की अनियमितताओं के दुष्प्रभाव का उल्लेख कीजिए।

8. मानव रुधिर वर्ग से आप क्या समझते हैं ? रुधिर वर्ग की वंशागति को चित्र द्वारा समझाइए। 5

अथवा

D.N.A. की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए।

9. रासायनिक समीकरणों की सहायता से हरे पौधे में $CO_2$ अपचयन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

श्वसन से आप क्या समझते हैं ? अनॉक्सी श्वसन एवं किण्वन में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा किण्वन के प्रमुख औद्योगिक उपयोगिता पर टिप्पणी कीजिए।

◇◇◇◇◇

UPBoardHub